Per/Rec/C-96/202
02.11.2022

सेल SAIL

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

## (भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)

## गेट-2022 के माध्यम से सेल में 245 प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) की भर्ती

सेल, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उपक्रम और राष्ट्र का प्रमुख इस्पात निर्माता है, जिसने वित्त वर्ष 2021-22 में 01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार किया है। अपने इस्पात संयंत्रों/इकाइयों और खानों में महत्वपूर्ण अग्रणी पदों पर काम करने के लिए, सेल को भारत भर में अपने संयंत्रों/इकाइयों और खानों के संचालन के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में ई-1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में शामिल होने के लिए युवा, ऊर्जावान, परिणामोन्मुख, होनहार तथा प्रतिभावान लोगों की आवश्यकता है।

**पदों की संख्या (संभावित):**

| **प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) – एमटीटी: 245** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **विषय** | **संगत गेट परीक्षा** | **पदों की संख्या** | **विषय** | **संगत गेट परीक्षा** | **पदों की संख्या** |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एमई | 65 | माइनिंग इंजीनियरिंग | एमएन | 26 |
| मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग | एमटी | 52 | केमिकल इंजीनियरिंग | सीएच | 14 |
| इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | ईई | 59 | सिविल इंजीनियरिंग | सीई | 16 |
| इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन | 13 | | | |

**आरक्षण:**

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एनसीएल)/दिव्यांग/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के लिए पद राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार आरक्षित होंगे:

| पद | अनारक्षित | अ.पि.व. (एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | ईडब्ल्यूएस |
|---|---|---|---|---|---|
| 245 | 89 | 65* | 42* | 28* | 21 |

*इसमें केमिकल इंजीनियरिंग (02), इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (08), इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (09), मैकेनिकल इंजीनियरिंग (11), माइनिंग इंजीनियरिंग (02) विषयों में 32 बैकलॉग पद (अ.पि.व. (एनसीएल)-08, अ.जा.-11, अ.ज.जा. -13) शामिल हैं।

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए क्षैतिज आधार पर सभी विषयों में **4%** पद आरक्षित हैं।

<u>पात्रता मापदंड:</u>

**<u>अधिकतम आयु सीमा</u>: 23.11.2022 के अनुसार 28 वर्ष,** अर्थात् जिन्का जन्म 23.11.1994 से पहले न हुआ हो।

<u>आयु सीमा में छूट:</u>

**23.11.2022 (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट:**

| **अ.जा./ अ.ज.जा.** | **अ.पि.व.(एनसीएल)** | **दिव्यांग** | **विभागीय उम्मीदवार अधिकतम आयु सीमा** |
|---|---|---|---|
| 5 वर्ष | 3 वर्ष | सामान्य वर्ग के लिए 10 वर्ष, अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 15 वर्ष और अ.पि.व. (एनसीएल) के लिए 13 वर्ष | 45 वर्ष |

<u>न्यूनतम योग्यता</u>: **मैकेनिकल, मैटलर्जिकल, इलैक्ट्रिकल, केमिकल, सिविल, इन्स्ट्रूमेंटेशन और माइनिंग** के सात (7) इंजीनियरिंग विषयों में से किसी में 65% अंकों के साथ इंजीनियरिंग में डिग्री(संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा किसी वर्ष विशेष में दिए गए वैटेज पर ध्यान दिए बिना सभी सत्रों का औसत)।

सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु(तकनीकी) के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के पास नीचे यथा-प्रदत्त संबंधित विषयों के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होने के लिए नीचे दिए गए संबंधित विषय में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की डिग्री होनी चाहिए:

| **विज्ञापित विषय** | **इंजीनियरिंग विषय जो पात्र हैं** |
|---|---|
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मैकेनिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरिंग, उत्पादन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल उत्पादन और टूल इंजीनियरिंग, औद्योगिक इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, थर्मल इंजीनियरिंग, विनिर्माण प्रक्रिया और ऑटोमेशन, मैकेट्रोनिक्स, विनिर्माण इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, विनिर्माण विज्ञान और इंजीनियरिंग, ऊर्जा इंजीनियरिंग, मशीन इंजीनियरिंग, मैकेट्रोनिक्स और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग। |
| मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग | मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, औद्योगिक मैटलर्जी |
| इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल मशीन, विद्युत प्रणाली और हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग, विद्युत संयंत्र इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रोनिक्स और विद्युत इंजीनियरिंग, विद्युत इलैक्ट्रोनिक्स/इंजीनियरिंग, विद्युत इन्स्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल और इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, |

सेल SAIL 50 स्थापना के 50 साल 50 YEARS OF INCORPORATION स्वर्ण जयंती SWARNA JAYANTI

| | |
|---|---|
| | इलैक्ट्रिकल और विद्युत इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग |
| केमिकल इंजीनियरिंग | केमिकल इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी, इलैक्ट्रो केमिकल इंजीनियरिंग |
| सिविल इंजीनियरिंग | सिविल इंजीनियरिंग |
| इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रोनिक्स और इन्स्ट्रूमेंटेशन, इलैक्ट्रोनिक्स और संचार, इलैक्ट्रोनिक्स और दूरसंचार, इलैक्ट्रोनिक्स और नियंत्रण, औद्योगिक इलैक्ट्रोनिक्स, अपलाइड इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रोनिक्स डिजाइन और प्रौद्योगिकी, मैकेट्रोनिक्स, इलैक्ट्रोनिक्स और इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रोनिक्स और विद्युत, इलैक्ट्रोनिक्स संचार और इन्स्ट्रूमेंटशन, इंस्ट्रूमेंटशन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, इन्स्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण/इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन/ऑटोमेशन और रोबोटिक्स, संचार इंजीनियरिंग, नियंत्रण और इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग |
| माइनिंग इंजीनियरिंग | माइनिंग इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, माइनिंग और मशीनरी इंजीनियरिंग/खनिज इंजीनियरिंग |

अपेक्षित योग्यता केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित यूजीसी/एआईसीटीई आदि जैसी परिषदों/निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त/प्रत्यायित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से नियमित/पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के माध्यम से प्राप्त की गई होनी चाहिए।

**योग्यता में छूट**: अपेक्षित विषय में 55% अंकों के साथ (सभी सत्रों का औसत) इंजीनियरिंग की डिग्री वाले अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग तथा विभागीय उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

'क्रीमी लेयर' वाले अ.पि.व. उम्मीदवार अन्य अ.पि.व. आरक्षण के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी सामान्य दर्शानी होगी। अ.पि.व.(एनसीएल), और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार के समय 01/04/2022 को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी केन्द्र सरकार के अधीन रोजगार हेतु यथा-लागू विहित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाण-पत्र [अ.पि.व.(एनसीएल) और ईडब्ल्यूएस-आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र] प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यह नोट किया जाए कि प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) का पद 40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अस्थि दिव्यांग उम्मीदवारों (**ओए/ओल/ओएएल**) और केवल बौनापन (**डीडब्ल्यू**) के लिए खुला है। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
**ऑनलाइन आवेदन-पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल) /ईडब्ल्यूएस/दिव्यांग) में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।**

**चिकित्सा मानक** :

उम्मीदवारों को किसी शारीरिक दोष के बिना, शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। चिकित्सा मानकों में निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाएं वजन 45 कि.ग्रा.; लंबाई 155 से.मी. है; मायोपिया और हाइपरमेट्रोपिया,यदि कोई हों, प्रत्येक आंख में ± 4.00 से अधिक नहीं होना चाहिए और कोई भैंगापन या आंशिक अथवा पूर्ण कलर ब्लाइंडनेस नहीं होनी चाहिए। महिला उम्मीदवारों को ऊंचाई और भार में उपयुक्त छूट दी जाएगी। दिव्यांग व्यक्ति के मामले में केवल ओए/ओल/ ओएल/ डीडब्ल्यू दिव्यांगता वाले न्यूनतम 40% दिव्यांग अस्थि दिव्यांग उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।

**नोट:** ऊपर दर्शाए गए चिकित्सा मानक न्यूनतम पूर्व-अपेक्षाएं हैं। तथापि, चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति सेल की चिकित्सा और स्वास्थ्य नियमावली पुस्तिका के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा जांच में उनके उत्तीर्ण करने के अधीन होगी।

**चयन प्रक्रिया:**

सेल गेट 2022 के अंकों का उपयोग करके ऊपर यथा-उल्लिखित इंजीनियरिंग के सात विषयों में प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) की भर्ती करेगा। **इसके लिए, सेल गेट 2022 की सात इंजीनियरिंग परीक्षाओं अर्थात् मैकेनिकल (एमई), मैटलर्जिकल(एमटी), इलैक्ट्रिकल (ईई), केमिकल (सीएच), सिविल(सीई), इनस्ट्रूमेंटेशन (आएम) और मानिंग (एमएन) में प्राप्त अंकों का उपयोग करेगा। ग्रेजुएट एप्टीट्युट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2022 परीक्षा** में भाग लेने वाले उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र हैं। सेल के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को गेट 2022 परीक्षा पत्र और कंपनी की संगत जरूरत में उनके कार्य-निष्पादन के आधार पर छांटा जाएगा। छांटे गए उम्मीदवारों को समूह चर्चा और साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए सेल की बेबसाइट पर कैरियर पेज के माध्यम से सूचित किया जाएगा। **अंतिम चयन के लिए लिखित परीक्षा (गेट 2022), जीडी और साक्षात्कार के अंकों को जोड़कर क्रमश: 75:10:15 के वेटेज के साथ मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।**

**गेट 2022 निर्देश:**

**कंपनी प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में भर्ती हेतु मैकेनिकल (एमई), मैटलर्जिकल(एमटी), इलैक्ट्रिकल (ईई), केमिकल (सीएच), सिविल(सीई), इनस्ट्रूमेंटेशन (आएम) और मानिंग (एमएन)** की सात इंजीनियरिंग विषय परीक्षाओं में **गेट 2022** में भाग लेने वाले उम्मीदवारों पर विचार करने का प्रस्ताव करती है।

**अन्य इंजीनियरिंग विषयों की गेट परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों (उनके पात्रता इंजीनियरिंग विषय से इतर) पर आगे की चयन प्रक्रिया में विचार नहीं किया जाएगा।** उदाहरण के लिए यदि कोई उम्मीदवार केमिकल इंजीनियरिंग में बीई/बी.टेक की डिग्री रखता है और उसने गेट 2022 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा में भाग लिया है तो आगे के चयन के लिए उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उम्मीदवारों को सेल में आवेदन करने के लिए उनकी गेट 2022 पंजीकरण संख्या की आवश्यकता होगी।** यह पंजीकरण संख्या गेट 2022 प्रवेश-पत्र में उल्लिखित है। सेल में आवेदन करते समय किसी अन्य संख्या (उदाहरण के लिए गेट 2022 आवेदन/ऑनलाइन फार्म सं. आदि) को दर्ज नहीं किया जाना चाहिए।

सेल एमटीटी के लिए आवेदन करने हेतु लिंक www.sail.co.in or www.sailcareers.com में नीचे उल्लिखित तारीखों के अनुसार उपलब्ध होगा। यदि किसी उम्मीदवार को आगे की चयन प्रक्रिया हेतु बुलाया जाता है तो उसकी पहचान गेट 2022 प्रवेश-पत्र और गेट 2022 आधिकारिक स्कोर कार्ड से सत्यापित की जाएगी। सेल **केवल गेट-2022 के अंकों पर विचार करेगा।** गेट-2021 या उसके पहले के अंकों पर विचार नहीं किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सेल हेतु आवेदन करते समय बिल्कुल सही गेट 2022 पंजीकरण संख्या प्रदान करनी चाहिए।

**समूह चर्चा और साक्षात्कार**:

गेट-2022 परीक्षा में पात्र उम्मीदवारों में से प्रत्येक विषय के लिए मैरिट के क्रम में श्रेणीवार **1:12** के अनुपात में समूह चर्चा (जीडी) और साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को चुना जाएगा। जीडी और साक्षात्कार अल्पकालिक सूचना पर आयोजित हो सकते हैं, जिनके लिए बुलावा-पत्र सेल की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे और उम्मीदवारों को उनके ई-मेल के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ, उम्मीदवारों को कोई अन्य पत्र नहीं भेजा जाएगा।

यदि दो या उससे अधिक उम्मीदवार अंतिम मैरिट सूची में समान कट-ऑफ बिंदु पर आते हैं तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक लाने वाले उम्मीदवार को ऑफर लैटर जारी किया जाएगा। यदि लिखित परीक्षा के अंक भी बराबर होते हैं तो पात्रता योग्यता अर्थात् बीई/बी-टेक डिग्री में उच्चतर अंकों वाले उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।

जीडी और साक्षात्कार बुलावे के लिए पात्र होने के लिए किसी उम्मीदवार को संबंधित श्रेणी में अनारक्षित पदों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के द्वारा संबंधित विषय में अहर्ता प्राप्त करनी होगी। अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एनसीएल)/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अहर्ता अंक 40% होंगे।

**बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली**:

सेल विभिन्न स्तरों पर अर्थात 2/3 स्तरों अर्थात् जीडी/साक्षात्कार स्तर पर और सेल में कार्यग्रहण करते समय उम्मीदवारों की प्रामाणिकता के बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल रूप में उम्मीदवारों की फोटो/अंगूठे का निशान ले सकता है। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न स्तरों पर सही निशान दर्ज हो और कोई विसंगति होने पर उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया/पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के अलावा उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अतः उन्हें अपने हाथों पर मेहंदी, स्याही, रसायन आदि जैसा कोई बाहरी पदार्थ नहीं लगाने की सलाह दी जाती है।

**प्रशिक्षण और परिवीक्षा**:

प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) के रूप में चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए प्रशिक्षण में रखा जाएगा। प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) को प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रशिक्षु के रूप में दर्ज किया जाएगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार को एक वर्ष के लिए परिवीक्षा के अधीन रखा जाएगा।

**परिलब्धियां**:

प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) को 50000-1,60000/- रु. के वेतनमान में **50,000/- रु. प्रति माह** का मूल वेतन दिया जाएगा। एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) को सहायक प्रबंधक के रूप में पदनामित किया जाएगा और **60,000-1,80,000/- रु.** के वेतनमान में रखा जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) को महंगाई भत्ते का भुगतान भी किया जाएगा। वे कैफेटेरिया नीति और कंपनी के नियमों के अनुसार पीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य भत्तों के हकदार होंगे। इसके अलावा, कंपनी अपने नियमों के अनुसार छुट्टी नकदीकरण, आवास/एचआरए और स्वयं और आश्रितों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा जैसे लाभ प्रदान करती है। सीटीसी, ई-1 के न्यूनतम ग्रेड पर लगभग 16 लाख रु. प्रति वर्ष होगा (पीआरपी, स्थान आधारित भत्तों आदि को छोड़कर)। आरंभिक मूल वेतन पर सीधी भर्ती होने से कंपनी पूर्ववर्ती रोज़गार, यदि कोई हो, के वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन अंशदान आदि के लिए किसी देयता का वहन नहीं करेगी।

**तैनाती**:

चयन होने पर उम्मीदवार को कंपनी के किसी संयंत्र/इकाई/ खदान के स्थान पर तैनात किया जा सकता है। उम्मीदवार को सेवा के आरंभिक चार वर्षों के लिए कंपनी के किसी अन्य संयंत्र/इकाई/ खदान स्थान में स्थानांतरण के लिए मांग/आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी। विभागीय उम्मीदवारों के लिए यह प्रतिबंध आरंभिक दो वर्षों के लिए होगा।

**सेल एमटीटी के लिए आवेदन कैसे करें**:

पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों को सेल की वेबसाइट **www.sail.co.in**. पर सेल के कैरियर पेज के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। **आवेदन का कोई अन्य साधन/पद्धति स्वीकार नहीं की जाएगी।** आवेदन से पहले उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानकों को पूरा करते हैं। सेल में उनका पंजीकरण अनंतिम होगा क्योंकि उनकी पात्रता को केवल साक्षात्कार के समय सत्यापित किया जाएगा। केवल प्रवेश-पत्र/ साक्षात्कार बुलावा-पत्र जारी होने का अर्थ उम्मीदवारी की स्वीकृति नहीं होगा। यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त कोई सूचना किसी स्तर पर गलत या पात्रता मापदंडों के अनुपालन में नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर या कार्य-ग्रहण करने पर भी रद्द किया जा सकता है।

वेबसाइट पर अपना आवेदन दर्ज करने से पहले उम्मीदवार के पास निम्नलिखित होने चाहिएं:

क) वैध ई-मेल आईडी और मोबाईल नंबर, जो कम से कम एक वर्ष तक वैध रहने चाहिएं।

ख) गेट-2022 की पंजीकरण संख्या।

ग) उम्मीदवार के पास नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (केवल 50 केबी तक जेपीजी या जेपीईजी फाइल) और डिजिटल रूप में हस्ताक्षर का फोटोग्राफ (केवल 20 केबी तक जेपीजी या जेपीईजी फाइल) आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करने के लिए होने चाहिए।

घ) सामान्य, अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 700/-रु. का आवेदन शुल्क(प्रक्रिया शुल्क सहित) या अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग/ईएसएम/विभागीय उम्मीदवारों के लिए प्रक्रिया शुल्क के रूप में 200/- रु. के भुगतान का प्रावधान है। उम्मीदवार नेट-बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/एटीएम-सह-डेबिट कार्ड के ज़रिए ऑनलाइन या सिस्टम जनरेटेड चालान फार्म बनवाकर बैंक के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। उम्मीदवारों को लागू आवेदन-शुल्क/प्रक्रिया प्रभार के अलावा बैंक प्रभारों का भी वहन करना होगा।

ङ.) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय उम्मीदवार को निम्नलिखित पर ध्यान देना चाहिए:

i) आवेदन के समय सेल पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा और इसलिए उम्मीदवारी केवल प्रोविज़नल रूप से स्वीकृत है।

ii) उम्मीदवारों को आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए, जो वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

iii) उम्मीदवार को मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र या समकक्ष परीक्षा में दिए गए नाम के अनुसार ही अपना नाम दर्ज करना चाहिए।

iv) ऑनलाइन आवेदन में एक बार दी गई श्रेणी (सामान्य/ अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. (एनसीएल) / ईडब्लयूएस/ दिव्यांग / ईएसएम) को बदला नहीं जा सकता है और तत्पश्चात् किसी अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। उम्मीदवार के पास श्रेणी का वैध प्रमाण-पत्र अनिवार्य है।

v) जहां सीजीपीए/ओजीपीए या लैटर ग्रेड में डिग्री दी जाती है: वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाए जाने चाहिएं। जहां कोई मानक विर्निदिष्ट नहीं हों, वहां सीजीपीए/ओजीपीए को 10 अंकीय स्तर पर दिया गया माना जाएगा। उम्मीदवारों को जीडी/साक्षात्कार के समय उनके विश्वविद्यालय/संस्थान के संबंध में इन मानकों की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

vi) जीडी/साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले चयनित उम्मीदवारों को जीडी/साक्षात्कार के समय यथा-लागू जन्म तिथि, जाति/श्रेणी, योग्यता अनुभव, पीडब्ल्यूडी/ईएसएम स्थिति, स्थिति के संबंध में मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेज, पंजीकरण पर्ची, आवेदन शुल्क की ई-रिसिप्ट, वर्तमान एम्प्लायर से एनओसी आदि प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

च) आवेदन-पत्र जमा करने की प्रक्रिया:

i) आवेदन को केवल सेल की वेबसाइट www.sail.co.in में 'कैरियर पेज' या www.sailcareers.com के ज़रिए ऑनलाइन जमा करें।

ii) अपनी पात्रता के बारे में सुनिश्चित होने के लिए विज्ञापन को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

iii) साइट पर उपलब्ध यूजर मैनुअल को पढ़ें और उसमें उल्लिखित चरणों का पालन करें।

iv) 'लॉगिन' पर क्लिक करें।

v) यदि पहले से पंजीकृत हैं, तो रजिस्टर्ड यूजर पर क्लिक करें और यूजर आईडी तथा पासवर्ड द्वारा आगे बढ़ें।

vi) "न्यू यूज़र" को वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पहले पूरा करना होगा और उसके बाद 'रजिस्टर्ड यूजर' पर क्लिक करके और यूजर आईडी तथा पासवर्ड के प्रयोग द्वारा आगे की प्रक्रिया करनी होगी।

vii) अपेक्षित सूचना तथा अपेक्षित दस्तावेज़ को अपलोड करें और ऑनलाइन या चालान के ज़रिए बैंक में भुगतान करके आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को चरणबद्ध ढंग से पूरा करें।

viii) भुगतान की पुष्टि होने के बाद आपकी रजिस्ट्रेशन स्लिप भुगतान की स्थिति को 'कन्फर्म्ड दर्शाएगी और यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने की पुष्टि है। भुगतान की पुष्टि के बिना पंजीकरण पूरा नहीं होगा।

ix) सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद आवेदन जमा करें और यूनीक रजिस्ट्रेशन आईडी वाले पूर्ण आवेदन का प्रिंट आउट लें। सिस्टम जनरेटेड प्रोविज़नल रजिस्ट्रेशन स्लिप डाउनलोड करना सुनिश्चित करें।

x) गलत सब्मीशन के मामले में आवेदन के ब्यौरे में सुधार करने के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

**ऑनलाइन आवेदन के बाद, उम्मीदवार को यूनीक रजिस्ट्रेशन आईडी/संख्या सहित सिस्टम जनरेटेड पंजीकरण स्लिप/आवेदन-पत्र को डाउनलोड करना आवश्यक है।**

**नोट:** ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय उम्मीदवार को सभी चरणों का सावधानीपूर्वक पालन करना चाहिए। अधूरा आवेदन, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के बिना आवेदन/आवेदन शुल्क के बिना आवेदन/पात्रता मापदंडों को पूरा नहीं करने वाला आवेदन तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इस संबंध में आवेदक से किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्रता, आवेदन की स्वीकृति, अस्वीकृति, बुलावा-पत्र जारी करने से संबंधित सभी मामलों में सेल का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में पूछताछ या पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**छ)** **महत्वपूर्ण:** उम्मीदवारों के साथ समस्त पत्राचार केवल ईमेल/एसएमएस/सेल की कैरियर वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा। जीडी/पीआई और बुलावा-पत्र आदि के लिए चयन संबंधि समस्त सूचना ईमेल/एसएमएस/ सेल की वेबसाइट पर अपलोडिंग के माध्यम से प्रदान की जाएगी। चुने गए उम्मीदवार सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध होने पर बुलावा-पत्र को डाउनलोड कर पाएंगे। सेल उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त अवैध या गलत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर के कारण भेजे गए ईमेल/एसएमएस के प्राप्त नहीं होने या सूचना की प्राप्ति में देरी या प्राप्त नहीं होने के लिए नेटवर्क संबंधित किसी समस्या के कारण

यदि कोई उम्मीदवार समय पर अपने ईमेल/मोबाइल को देखने में विफल रहता है/रहती है, के लिए सेल उत्तरदायी नहीं होगा। चुने गए उम्मीदवारों को केवल तभी जीडी/पीआई में उपस्थित होने की अनुमति होगी, यदि उनके पास वैध बुलावा-पत्र होगा। बुलावा-पत्र प्राप्त करने, डाउनलोड और मुद्रण करने तथा इससे समबधित किसी अन्य सूचना का उत्तरदायित्व उम्मीदवार का होगा।

ज) **<u>सामान्य</u>**:

i) केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

ii) सेल में नियमित आधार पर रोजगार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

iii) केवल यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त संस्थानों से पूर्णकालिक डिग्री पाठ्यक्रम पूरा करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

iv) केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित यूजीसी/एआईसीटीई आदि जैसी परिषदों/निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त/प्रत्यायित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पत्राचार/अंशकालिक पाठ्यक्रमों के ज़रिए योग्यता डिग्री प्राप्त करने वाले वे विभागीय उम्मीदवार जो कि संगत गेट परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हैं, सेल एमटीटी के लिए आवेदन कर सकते हैं। विभागीय उम्मीदवारों का अर्थ ऐसे उम्मीदवार हैं जो स्थायी कर्मचारियों के रूप में वर्तमान में सेल में कार्यरत हैं और सेल कर्मचारियों के आश्रित नहीं हैं।

v) आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपना पूर्ण नाम दर्ज करना चाहिए, जैसा मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र में दर्ज है।

vi) जहां सीजीपीए/ओजीपीए या लैटर ग्रेड में डिग्री दी जाती है: वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाए जाने चाहिएं। जहां कोई मानक विर्निदिष्ट नहीं हों, वहां सीजीपीए/ओजीपीए को 10 अंकीय स्तर पर दिया गया माना जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय उनके विश्वविद्यालय/संस्थान के संबंध में इन परिवर्तन मानकों/मान नहीं होने की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

vii) सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में नियोजित उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार के समय एनओसी प्रस्तुत करना आवश्यक है। चयन की स्थिति में उम्मीदवारों के लिए नियुक्ति लेते समय नियोजक से उचित कार्य-मुक्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

viii) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांग प्रमाण-पत्र सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार और केन्द्र सरकार में रोजगार के लिए यथा-लागू रूप में होना चाहिए। यदि प्रमाण-पत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी है तो उम्मीदवार के लिए अंग्रेजी या हिंदी में उसकी एक स्व-प्रमाणित अनुवादित प्रति प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

ix) उम्मीदवार किसी पूछताछ के लिए सेल की वेबसाइट पर एफएक्यू सैक्शन को देख सकते हैं।

x) उम्मीदवारों को गेट 2022 प्रवेश-पत्र की उनकी प्रति अपने पास रखनी चाहिए, इसके अतिरिक्त गेट 2022 की पंजीकरण संख्या, गेट का स्कोर कार्ड और सेल की प्रोविज़नल रजिस्ट्रेशन स्लिप रखनी चाहिए क्योंकि भावी संदर्भ के लिए उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

xi) विज्ञापित पद संख्या संभावित है। सेल आवश्यकता पड़ने पर कोई अतिरिक्त सूचना जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना विज्ञापित पदों को रद्द/ प्रतिबंधित/ विस्तृत/ संशोधित/बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xii) उम्मीदवार का चयन/कार्य-ग्रहण कंपनी के नियमों के अनुसार चिकित्सा फिटनेस के अधीन होगा।

xiii) इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर सेल की किसी सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है। ऐसे मामले में उनकी नियुक्ति संबंधि सहायक/संयुक्त कंपनी के नियमों और शर्तों के अनुसार की जाएगी।

xiv) कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई: उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे ऐसे कोई विवरण प्रस्तुत न करें जो गलत/त्रुटिपूर्ण/मनगढ़त हों और उन्हें आवेदन-पत्र को भरते समय किसी वास्तविक सूचना को छिपाना नहीं चाहिए।

xv) यदि भर्ती के किसी स्तर पर यह पता चलता है कि उम्मीदवार पात्रता मानकों को पूरा नहीं करता/करती है और/या उसने गलत सूचना प्रस्तुत की है या किसी वास्तविक तथ्य (यों) को छिपाया है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

xvi) अधिकतम आयु सीमा/योग्यता/श्रेणी के संदर्भ में उम्मीदवार की पात्रता पर विज्ञापन में यथा-उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार विचार किया जाएगा।

xvii) पात्रता, अन्य परीक्षाओं और चयन से संबंधित सभी मामलों में सेल का निर्णय अन्तिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन या पत्राचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

xviii) इस प्रक्रिया से संबंधित सभी आगामी घोषणाएं/ब्यौरे समय-समय पर केवल सेल की कैरियर वेबसाइट www.sail.co.in या www.sailcareers.com पर प्रकाशित/अधिसूचित किए जाएंगे। पारदर्शिता/विषय-वार तथा श्रेणी-वार कट-ऑफ अंक जारी अंतिम सूची की घोषणा के एक माह के बाद प्रकाशित किए जाएंगे।

xix) किसी विवाद के लिए न्यायालय का क्षेत्र दिल्ली होगा।

**महत्वपूर्ण तारीखें (अनन्तिम) :**

| | |
|---|---|
| गेट 2022 के माध्यम से सेल एमटीटी हेतु ऑनलाइन पंजीकरण का आरंभ | **03.11.2022** |
| गेट 2022 के माध्यम से सेल एमटीटी हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | **23.11.2022** |

***किसी भी विसंगति के मामले में विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण विज्ञापन के हिंदी संस्करण पर मान्य होगा।**

******